an>

Title: Need to fill up the vacancies in AIIMS, Bhopal.

श्री आलोक संजर (भोपाल) : माननीय अध्यक्ष जी, आज आपने मुझे भोपाल एम्स के बारे में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। पूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल जी द्वारा जब एम्स खोलने की घोषणा की गई थी तब पूरे मध्य प्रदेश में खुशी की लहर थी। मैं उनके सपने को साकार करने के लिए भोपाल एम्स को, जैसे दिल्ली में स्थित एम्स है, उसी तरह से सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता महसूस कर रहा हूं। माननीय लालकृÂण आडवाणी जी और माननीय सुÂषमा स्वराज जी ने इसकी आधारशिला रखी थी। मुझे दुःख है कि भोपाल एम्स दस वर्ष पिछड़ गया है। 13 साल बीत जाने के बाद भी भोपाल एम्स अधूरा है। जहां मरीजों को सस्ता, सुलभ और सहज इलाज मिले, इस ओर ध्यान दिया जाए, मैं इसकी आवश्यकता महसूस करता हूं।

मैं आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि भोपाल एम्स विगत कई महीनों से, बल्कि वर्ष भर हो गया है, डायरेक्टर विहीन एम्स को रायपुर डायरेक्टर मानिटर कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, यदि भोपाल 'एम्स' में विधिवत् रूप से फुल टाइमर डायरेक्टर की नियुक्ति हो जाती है, तो भोपाल 'एम्स' को न्याय मिलेगा। भोपाल समाचार पत्रों में भी भोपाल 'एम्स' की छवि धूमिल हो रही है। पिछले दिनो 'नवदुनिया' समाचार-पत्र ने हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। मेरे पास सैंकड़ों नहीं, हजारों पोस्ट कार्ड्स भी आये हैं।

अध्यक्ष महोदया, मैं आग्रह करना चाहता हूं कि भोपाल 'एम्स' में डाक्टरों की कमी है। जिसकी वजह से मरीजों को दी जा रही चिकित्सा उपचार की गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ रहा है। विगत तीन वÂर्षों के दौरान अधिक संख्या में डाक्टर 'एम्स' छोड़कर जा रहे हैं। इसके क्या कारण है,, यह पता लगाया जाना भी नितांत आवश्यक है।

अध्यक्ष महोदया, मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि वह इस संबंध में अतिशीघ्र सुधारात्मक कदम उठाये। मरीजों को समय पर उपचार सुनिश्चित करने और बेहतर सुविधा देने हेतु डाक्टरों की खाली पदों को शीघ्र भरने की आवश्यकता है। अस्पतालों में बिस्तर बढ़ाये जाने की नयी फैकल्टी खोली जाये, जिससे क्षेत्र की जनता, मध्य प्रदेश को लाभ मिल सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चंदेल और श्री रोड़मल नागर को श्री आलोक संजर द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।